# लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश

गौतम नगर भोपाल–462023

क्रमांक/अतिथि शिक्षक/2024/86 भोपाल, दिनांक 5/6/2024

प्रति

1. समस्त संभागीय संयुक्त संचालक म.प्र.।
2. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी म.प्र.।
3. समस्त विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी म.प्र.।
4. समस्त संकुल प्राचार्य हाई/हायर सेकेण्डरी स्कूल मध्यप्रदेश।

**विषयः–शैक्षणिक सत्र 2024–25 में विद्यालयों में रिक्त पद के विरूद्ध अतिथि शिक्षक के लिये नवीन आवेदकों का पंजीयन एवं पूर्व पंजीकृत आवेदकों की जानकारी का अद्यतन।**

उपरोक्त विषयांतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु शासकीय विद्यालयों में शिक्षण कार्य हेतु रिक्त पदों के विरूद्ध अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था की जानी है। उक्त परिपेक्ष्य में नवीन आवेदक जो अतिथि शिक्षक के रूप में कार्य करने हेतु इच्छुक है, ऐसे आवेदक GFMS पोर्टल पर नवीन पंजीयन एवं पूर्व से पंजीकृत आवेदक निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जायें–

**1. नवीन आवेदकों द्वारा पोर्टल पर पंजीकरण हेतु की जाने वाली कार्यवाहीः–**

1.1 नवीन पंजीयन हेतु आवेदक लिंक **https://www.gfms.mp.gov.in** के माध्यम से पंजीकरण कर सकते है।

1.2 आधार ई–केवाईसी करें।

1.3 शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता की जानकारी दर्ज कर परीक्षण कर अपडेट करें।

1.4 म.प्र.शिक्षक शिक्षक पात्रता परीक्षा 2018 या उसके उपरांत उत्तीर्ण की जानकारी दर्ज कर अपडेट करें।

1.5 पंजीकरण में दर्ज समस्त योग्यताओं की मूल अंकसूची लेकर संकुल प्राचार्य से आवेदन को ऑनलाईन सत्यापन करायें।

1.6 संकुल प्राचार्य द्वारा पोर्टल पर ऑनलाईन सत्यापन उपरांत स्कोर कार्ड जनरेट होगा।

**2. पूर्व से पंजीकृत आवेदक द्वारा पोर्टल पर जानकारी अद्यतन हेतु की जाने वाली कार्यवाहीः–**

2.1 पूर्व से पंजीकृत आवेदकों को पुनः पंजीयन करने की आवश्यकता नही है।

2.3 नवीन शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता दर्ज करने हेतु प्रोफाईल अनलॉक करें।

2.2 नवीन शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता की जानकारी अपडेट/संशोधन करे।

2.3 आवेदक द्वारा योग्यताओं के अपडेशन/संशोधन करने के उपरांत संकुल प्राचार्य से ऑनलाईन सत्यापन कार्य कराये।

**3. संकुल प्राचार्य द्वारा की जाने वाली कार्यवाहीः–**

3.1 आवेदकों द्वारा आवेदन में दर्ज समस्त योग्यताओं का मूल दस्तावेजों से मिलान कर जानकारी सत्य पाये जाने पर पोर्टल से ऑनलाईन सत्यापन का कार्य करें।

3.2 आवेदन सत्यापन उपरांत आवेदक को प्रिंट निकालकर दिया जायें।

3.3 आवेदन में दर्ज किये गये दस्तावेजों की छायाप्रति अभिलेख में संधारित करें।

Scanned with ACE Scanner

नवीन पंजीयन हेतु स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार–प्रसार करें, जिससें अधिक से अधिक संख्या में आवेदन का पजीकरण हो। पंजीयन का मैन्युअल पत्र के साथ संलग्न है।

उपरोक्तानुसार कार्यवाही दिनांक 15.06.2024 तक करना सुनिश्चित करें।

(डी.एस.कुशवाह)
संचालक
लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश
भोपाल, दिनांक 5/6/2024

पृ. क्र. / अतिथि शिक्षक / 2024 / 87
प्रतिलिपि:–


1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री जी स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र.।
2. प्रमुख सचिव म.प्र. शासन स्कूल शिक्षा विभाग म.प्र.।
3. आयुक्त जनजातीय कार्य सतपुडा भवन भोपाल।
4. संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल।
5. कलेक्टर समस्त जिले मध्यप्रदेश।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत समस्त जिले।
7. उप संचालक एम.पी.एस.ई.डी.सी.आईटी भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल की ओर सूचनार्थ।

संचालक
लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश


Scanned with ACE Scanner

- <u>नवीन पंजीयन हेतु आवदेक द्वारा GFMS पोर्टल पर की जाने वाली कार्यवाही:–</u>


➢ आवेदक द्वारा नवीन पंजीयन हेतु पोर्टल पर ओटीपी के माध्यम से मोबाईल नम्वर रजिस्टर करें।




➢ आवेदक के मोबाईल नम्वर की जानकारी दर्ज करने के उपरांत ओटीपी आवेदक द्वारा रजिस्टर मोबाईल नम्वर पर प्राप्त होगा।





➢ आवेदक ओटीपी की जानकारी दर्ज करें।




➢ आवेदक द्वारा ओटीपी दर्ज करने के उपरांत यूजर की जानकारी सत्यापित हो जायेगी।





➢ आवेदक के यूजर रजिस्टर होने के उपरांत स्वयं के आधार का प्रयोग कर आधार ई–केवाईसी करने की कार्यवाही मे स्वयं के आधार की जानकारी दर्ज करें।




➢ आधार की जानकारी दर्ज करने के उपरांत ओटीपी ओवदक के आधार पर दर्ज रजिस्टर मोबाईल नम्वर पर भेज दिया गया है, का संदेश प्रदर्शित होगा।



- आधार सत्यापन उपरांत आवेदक स्वयं की सामान्य जानकारी एवं समग्र आईडी की जानकारी दर्ज करें।





- आवेदक द्वारा जानकारी, सेव करने के उपरांत पासवर्ड आवेदक के रजिस्टर मोबाईल नम्वर पर भेज दिया जाता है। (**नोट– आवेदक का यूजर नेम आवेदक का रजिस्टर मोबाईल नम्बर है।**)


- आवेदक अपने लॉगिन आईडी का प्रयोग कर लॉगिन करने के उपरांत शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता की जानकारी दर्ज करने हेतु Update Qualification पर क्लिक करें।




- आवेदक update qualification ऑप्शन के माध्यम से शैक्षणिक एंव व्यवसायिक योग्यता की जानकारी दर्ज कर अपडेट करें।




➢ शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता की जानकारी अपडेट करने के उपरांत प्रिंट लेकर समस्त मूल दस्तावेजों के साथ संकुल प्राचार्य से ऑनलाईन सत्यापन करायें।





| S.No | Year | Qualification | Course | Subject | Board/University | Roll Number | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2007-08 | HIGH SCHOOL | All | All | MP Board | [redacted] | 500.00 | [redacted] |
| 2 | 2010-11 | HSS (11th / 12th) | HSS Commerce | वाणिज्य/Accounts | MP Board | | 500.00 | |
| 3 | 2013-14 | GRADUATE | B.C.A | B.C.A | State Govt University | | 3700.00 | |

➢ संकुल प्राचार्य द्वारा आवेदन को निरस्त करने पर जानकारी आवेदक के लॉगिन पर पुनः अनलॉक होगा एवं वेरीफाई होने के उपरांत आवेदक के लॉगिन पर जानकारी लॉक प्रदर्शित होगी।





| Year | Qualification | Course | Subject | Board/University | Roll Number | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2010-11 | HIGH SCH | All | All (All | MP Board | [redacted] | 600.00 | [redacted] |
| 2012-13 | HSS (11th | HSS PC | PCM ( | MP Board | | 500.00 | |
| 2015-16 | GRADUATE | B.Sc | Compu | State Govt. Unive | | 3700.00 | |

➢ संकुल प्राचार्य के सत्यापन के उपरांत आवेदक की शैक्षणिक एवं व्यवसायिक योग्यता के आधार पर स्कोर कार्ड जनरेट होगा, आवेदक के लॉगिन से स्कोर कार्ड मॉड्यूल में जाकर स्कोर कार्ड को डाऊनलोड कर सकेंगे।



➢ आवेदक स्कोर कार्ड मॉड्यूल में MY Score Card ऑप्शन के माध्यम से स्कोर कार्ड को डाऊनलोड करें।




➢ स्कोर कार्ड डाऊनलोड कर प्रिंट करें।

gfms.mp.gov.in/ScoreCards/Pages/Print_ScoreCard.aspx

**स्कूल शिक्षा विभाग**
**मध्य प्रदेश शासन**
**(अतिथि शिक्षक प्रबंधन प्रणाली) सत्र - 2023-24 - V2** Back Print

| | | | |
|---|---|---|---|
| Name: | | Date of Birth : | |
| Father/Husband/Guardian Name | | Mother Name : | |
| Address : | | | |
| Mobile No : | | Email Id : | |
| Retired Govt. Teacher : | NO | School: | 0 |
| Retirement Date: | | | |

**Education & Professional Qualification as Registered by the Applicant**

| S.No | Year | Qualification | Subject | Board/University | Roll Number | Total Marks | Obtained Marks |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2010-11 | HIGH SCHOOL | All | MP Board | | 600.00 | 428.00 |
| 2 | 2012-13 | HSS (11th / 12th) | PCM | MP Board | | 500.00 | 292.00 |
| 3 | 2015-16 | GRADUATE | Computer Science | State Govt. University | | 3700.00 | 2362.00 |

**Score Card for Various Panels generated using the Qualification and other details as registered by the applicant**

| | Panel | Basic Qual. | Subject | Basic Qual. Score | Prof. Qual. Score (Out of 100) | Retd. Govt Teacher (Out of 100) | Year 2018-19 Exp. score (out of 25) | Total Score (Out of 325) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | SSS-2 IT | GRADUATE | Computer Science | 63.8 | 0.0 | 0.0 | 0 | **63.8** |
| 2. | SSS-3 | HSS (11th / 12th) | PCM | 58.4 | 0.0 | 0.0 | 0 | **58.4** |
| 3. | SSS-3 Lab | HSS (11th / 12th) | PCM | 58.4 | 0.0 | 0.0 | 0 | **58.4** |

IP Address: 106.201.253.176 www.educationportal.mp.gov.in/GFMS Date:28/05/2024 13:38:50


MPS@DC

**आवेदक म.प्र. शिक्षक पात्रता 2018 या उसके उपरांत उत्तीर्ण जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने हेतु कार्यवाही:–**

- आवेदक पोर्टल पर लॉगिन करने के उपरांत TET Qualification पर क्लिक करें।




- आवेदक TET Qualification की जानकारी दर्ज करें।




**नोटः–** 1. आवेदक समस्त शिक्षण एवं प्रशिक्षण योग्यता तथा TET Qualification जानकारी को अपडेट करने के उपरांत संकुल प्राचार्य से सत्यापन करायें।